देश के श्रेष्ठ पर्यटन गाँव में पिथौरागढ़ के सरमोली का चयन

चर्चा में क्यों?

- 21 सितिंबर, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय ने श्रेष्ठ पर्यटन गाँव प्रतियोगिता में उत्तराखंड के पिथौरागढ़ ज़िले के सरमोली गाँव का चयन किया है। गाँव को जल्द ही देश का श्रेष्ठ पर्यटन गाँव घोषित किया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- सूत्रों के मुताबिक, पर्यटन मंत्रालय के ग्रामीण पर्यटन भारत की नोडल अधिकारी कामाक्षी माहेश्वरी ने राज्य को पत्र जारी कर सरमोली गाँव को देश का श्रेष्ठ पर्यटन गाँव के रूप में चयनित करने की सूचना दी है।
- 27 सितिंबर को दिल्ली में होने वाले कार्यक्रम में इसकी आधिकारिक तौर पर घोषणा की जाएगी। साथ ही गाँव को श्रेष्ठ पर्यटन गाँव का पुरस्कार दिया जाएगा।
- विदित है कि ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय ने श्रेष्ठ पर्यटन गाँव प्रतियोगिता शुरू की है। इस प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर पिथौरागढ़ ज़िले के मुनस्यारी के समीप सरमोली गाँव का चयन किया गया है।
- मंत्रालय की केंद्रीय नोडल एजेंसी ग्रामीण पर्यटन और ग्रामीण होम स्टे के माध्यम से प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से 795 गाँवों के आवेदन मिले। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये गाँव स्तर पर किये गए बेहतर कार्यों पर सरमोली गाँव को श्रेष्ठ पर्यटन गाँव के रूप में चयनित किया गया।
- गौरतलब है कि पिथौरागढ़ ज़िले के मुनस्यारी के समीप सरमोली गाँव अपनी समृद्ध संस्कृति और नैसर्गिक सुंदरता को समेटे हुए है। पर्यावरण संरक्षण के साथ गाँव के लोगों ने ग्रामीण पर्यटन को स्वरोज़गार बनाया है।
- इको टूरिज्म और साहसिक पर्यटन के लिये पर्यटक सरमोली गाँव आते हैं। यहाँ से हिमालय, नंदा देवी, राजरंभा, पंचाचूली, नंदा कोट चोटियों का दृश्य हर किसी को आकर्षित करता है। गाँव में होम स्टे पर्यटकों की पहली पसंद है।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/selection-of-sarmoli-of-pithoragarh-among-the-best-tourist-villages-of-the-country